वर्ष- 2 , अंक- 350
छपरा
4 अक्टूबर नवंबर 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी बोले- भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर,1 लाख करोड़ की स्कीम लॉन्च की

## कहा- हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के बने भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव (ESTIC) 2025 में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट (R&D) इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (RDI) स्कीम फंड लॉन्च किया।



पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल टेक्नोलॉजी का कन्ज्यूमर नहीं रह गया है। वह टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का पायोनियर बन गया है। दुनिया का सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रकचर भारत के पास है।

ESTIC 2025 कॉन्क्लेव 5 नवंबर तक चलेगा। इसमें एजुकेशन, रिसर्च, उद्योग से जुड़े 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी, नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रख्यात वैज्ञानिक, इनोवेटर्स और पॉलिसी मेकर्स शामिल हो रहे हैं।

### पीएम मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

- जब विज्ञान का पैमाना मिलता है, जब नवाचार समावेशी हो जाता है, जब प्रौद्योगिकी परिवर्तन को प्रेरित करती है, तब बड़ी उपलब्धियों की नींव रखी जाती है।
- हम रिसर्च को आसान बनाने पर फोकस कर रहे हैं ताकि भारत में नवाचार का एक मॉडर्न इकोसिस्टम डेवलप हो सके।
- आज भारत के पास दुनिया का सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर है। भारत एथिकल और ह्यूमन सेंट्रिक AI के लिए ग्लोबल फ्रेमवर्क को आकार दे रहा है।
- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को भारत मंडपम में ESTIC कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया।
- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को भारत मंडपम में ESTIC कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया।

**11 सेक्टर्स पर चर्चा होगी :** प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के अनुसार, विचार-विमर्श 11 प्रमुख सेक्टरों पर केंद्रित होगा। इसमें एडवांस मैटेरियल्स एंड मैन्युफैक्चरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायो-मैन्युफैक्चरिंग, ब्लू इकॉनमी, डिजिटल कम्युनिकेशन शामिल हैं।

# तेलंगाना के रंगारेड्डी में बस-डंपर की टक्कर, 19 की मौत,20 घायल

## लोग गिट्टी के नीचे दबे, शवों को निकालने के लिए बस काटनी पड़ी





**रंगारेड्डी,एजेंसी।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गिट्टी से लदे डंपर ने तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (TSRTC) की बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 महीने का बच्चा, 10 महिलाएं और दोनों वाहनों के ड्राइवर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 20 लोग घायल हैं। सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह हादसा हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर चेवेल्ला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में खानपुर गेट के पास हुआ। यह बस विकाराबाद जिले के तंदूर से हैदराबाद जा रही थी। गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बस को सामने से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह डैमेज हो गई और डंपर पर लदी गिट्टी बस के अंदर यात्रियों पर जा गिरी। इससे कई यात्री दब गए। घटना के दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए, जिनमें गिट्टी में दबे यात्री मदद के लिए पुकारते दिखे।

पुलिस और बचावकर्मी लोगों को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। बचाव दल को शवों को निकालने के लिए बस को काटना पड़ा। ड्राइवर और उसकी सीट के पीछे का हिस्सा टक्कर में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां बैठे अधिकांश



यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।

तेलंगाना सरकार ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर हादसे पर तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने दुख जताया। तेलंगाना CMO ने X पर बताया कि सीएम रेड्डी ने अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए औप समय-समय पर हादसे की डिटेल अपडेट के साथ मांगी है।

मुख्यमंत्री ने चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी को हादसे में घायल लोगों को तुरंत हैदराबाद पहुंचाने और उन्हें बेहतर इलाज की व्यवस्था करने का आदेश दिया है। सरकार ने घायल, उनके रिश्तेदारों या परिवार के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9912919545 और 9440854433 जारी किए हैं।

## जोधपुर में एक साथ जली 12 चिता, चीख-पुकार मची,भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर 15 मौतों के बाद एक्शन, हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया

**जोधपुर,एजेंसी।** राजस्थान के फलोदी में रविवार शाम करीब 6.30 बजे भीषण सड़क हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 2 महिलाएं घायल हैं। मरने वालों में एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। सभी श्रद्धालु जोधपुर के सूरसागर इलाके के रहने वाले थे। मोक्ष धाम में एक साथ 12 चिता जली तो चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी मोक्ष धाम पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।इससे पहले नैणची बाग के खटुकड़ी का बास में एक घर में 6 शव पहुंचे तो परिवार वाले चीखने लगे। खुश सांखला, उसकी मां मधु सांखला, गीता, सानिया, दिशा और रामेश्वरी की अर्थियां एक साथ उठीं। पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे थे। सबकी आंखें नम थीं। उधर, भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर एक साथ हुई 15 मौतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया गया। **ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए थे** :टेम्पो ट्रेवलर में सवार सभी लोग देवउठनी एकादशी पर जोधपुर के सूरसागर से कोलायत (बीकानेर) में कपिल मुनि के आश्रम में दर्शन करने के लिए गए थे। लौटते समय मतोड़ा (फलोदी) थाना क्षेत्र में हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो ट्रेवलर के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। मरने वालों में 4 बच्चे, ड्राइवर और 10 महिलाएं शामिल हैं। एडीएम अंजुम ताहिर ने बताया- मृतक आश्रितों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## 30 जून तक कर्जमाफी पर फैसले की बात किसानों का उपहास, उद्धव ठाकरे का सीएम फडणवीस पर तंज



**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर जुबानी हमला बोला। ठाकरे ने फडणवीस के उस एलान को लेकर निशाना साधा, जिसमें सीएम ने कहा था कि उनकी सरकार अगले साल 30 जून तक किसानों की कर्ज माफी पर फैसला लेगी। ठाकरे ने कहा कि महायुति सरकार को तुरंत कर्ज माफी लागू करनी चाहिए, ताकि भारी फसल नुकसान झेल चुके किसानों को अपनी जिंदगी दोबारा संवारने में मदद मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि वे 5 नवंबर से चार दिनों के मराठवाड़ा दौरे पर रहेंगे।

## राजस्थान के 11 जिलों में बारिश का अलर्ट,म.प्र.में दो सिस्टम एक्टिव

**नई दिल्ली,एजेंसी।** IMD ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण राजस्थान-छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। यूपी के वाराणसी में कल हुई बारिश ने गंगा के जलस्तर को 8 सेमी बढ़ा दिया है। हिमाचल के 6 जिलों में बर्फबारी और बारिश का अलर्ट जारी हुआ है।

दिल्ली गाजियाबाद में हवा की क्वालिटी अब भी निचले स्तर पर है। दिल्ली में AQI 316 दर्ज किया गया है। आसमान में धुंध की चादर के बीच लोग मास्क लगाकर निकल रहे हैं। वहीं बिहार के दानापुर में भारी बारिश और तेज हवाओं ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजस्थान में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस से आज (सोमवार) 11 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 4 नवंबर को इस सिस्टम का असर और अधिक होने की संभावना है। दोनों ही दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के सभी शहरों का मौसम ड्राय रहा। जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, कोटा, जोधपुर, बीकानेर समेत तमाम शहरों में रविवार दिनभर आसमान साफ रहा, धूप निकली।

## प्रियंका की माला में जबरन घुसे पप्पू यादवः

# कांग्रेस नेता बोलीं- नीतीश सरकार दिल्ली से चल रही शाह बोले- लालू-राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ होगा

**पटना/नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव में पहले फेज के प्रचार में 2 दिन बचे हैं। सहरसा में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी सभा की। उन्होंने कहा, देश में कुछ भी होता है तो ये लोग हमारे ऊपर ठीकरा फोड़ते हैं। इन लोगों को अपमान मंत्रालय बना देना चाहिए। प्रधानमंत्री का समय बहुत कीमती होता है, ये फालतू की बातों में आपका समय बर्बाद कर रहे हैं। बिहार की नीतीश सरकार दिल्ली से चल रही है। आपके सीएम की नहीं सुनी जा रही है।





इससे पहले मंच पर जब प्रियंका गांधी को माला पहनाई जा रही थी तब पूर्णिया सांसद पप्पू यादव मंच पर नेताओं को हटाकर माला के अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने प्रियंका गांधी के साथ तस्वीर खिंचवाई। सीतामढ़ी की चुनावी सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, मैं आपको बिहार चुनाव का रिजल्ट अभी बता देता हूं। 14 नवंबर को दोपहर 1 बजे तक लालू-राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। भारी बहुमत से बिहार में NDA की सरकार बनेगी। महाठगबंधन में न नेता है, न नीति है। मालूम ही नहीं है कि कौन, किस सीट से लड़ रहा है।

### ओवैसी का तेजस्वी पर तंज- बाबू, क्या आप अंग्रेजी में एक्सट्रीमिस्ट लिख सकते हैं

बिहार के किशनगंज में एक चुनावी रैली में AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा -बाबू, क्या आप अंग्रेजी में एक्सट्रीमिस्ट लिख सकते हैं दरअसल तेजस्वी ने ओवैसी को एक्सट्रीमिस्ट कहा था। ओवैसी ने कहा कि तेजस्वी ने यह शब्द पाकिस्तान से लिया है। ओवैसी ने कहा एक इंटरव्यू में तेजस्वी यादव से पूछा कि उन्होंने ओवैसी के साथ गठबंधन क्यों नहीं किया तब तेजस्वी ने कहा, ओवैसी एक चरमपंथी... एक कट्टरपंथी... एक आतंकवादी हैं।

## मोदी ने धर्म के अपमान पर राहुल गांधी, लालू यादव को घेरा

# पीएम मोदी बोले- राजद-कांग्रेस ने बिहार का विनाश किया, जंगलराज में पुलिस भी सुरक्षित नहीं थी

**पटना,एजेंसी।** जाति आधारित वोटिंग के लिए चर्चित रहे बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से तीन दिन पहले सहरसा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के नंबर-1 नेता राहुल गांधी को सनातन धर्म के अपमान पर घेरा। उन्होंने छठ से लेकर अयोध्या तक की चर्चा की। राहुल गांधी के बेगूसराय में मछली मारने की खबरों से जोड़ते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में निषाद राज का मंदिर बना है। वहां वह कभी नहीं जाते हैं। भगवान राम से अगर तकलीफ है तो निषाद राज जी, सबरी माता और वाल्मिकी जी के मंदिर में ही माथा टेक कर आ जाओ।

उन्होंने लालू प्रसाद की हैलोवीन मनाती तस्वीरों पर भी निशाना साधा और घेरते हुए कहा- राजद और कांग्रेस का परिवार दुनिया भर के त्योहार मनाते हैं। विदेशी त्योहार मनाने पर इन्हें मजा आता है। लेकिन, अब छठ महापर्व मनाने में इन्हें शर्म आती है। छठी मैया का इनलोगों ने अपमान किया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद के नामदार जमीन से भी कटे हुए हैं। यह लोग भांति-भांति के सपने भले देखते हों। अब कांग्रेस के नामदार लोगों को कह रहे हैं जब दिल्ली में उनकी सरकार बनेगी तो बिहार में नालंदा जैसा विश्वविद्यालय बनाएंगे। जब केंद्र में राजद और कांग्रेस की सरकार 10 साल तक



थी, तब भी यही कहते थे कि नालंदा में विश्वविद्यालय बनाएंगे। यह लोग सिर्फ 20 करोड़ देकर भूल गए। इतने में तो गांव में भी एक स्कूल नहीं बनता। जब आपने एनडीए सरकार को मौका दिया।

हमने नालंदा विश्वविद्यालय बनाने के लिए 2000 रुपये दिए। दो हजार करोड़ लगाकर हमलोगों ने नालंदा विश्वविद्यालय का शानदार कैंपस बनाया। यहां पर 21 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ रहे हैं। जिन लोगों ने स्कूल-कॉलेज में ताले लगा दिए। जिन लोगों के राज में ग्रेजुएशन करने में पांच साल लग जाते थे, वह आज बिहार में शिक्षा पर ज्ञान दे रहे हैं। मैं आपलोगों को विश्वास दिलाता हूं कि बिहार में शिक्षा का गौरव फिर से लौटेगा। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले आपस में ही लड़ाई लड़ रहे हैं। विकास की बात इनके मुंह से बेमानी है।

## उत्तराखंड की शौर्य परंपरा देशवासियों के लिए गर्व की बात : राष्ट्रपति

### राज्य स्थापना की रजत जयंती पर विधानसभा के विशेष सत्र को राष्ट्रपति ने संबोधित



**देहरादून,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में भारतीय सेना में सेवा करके मातृ-भूमि की रक्षा करने के प्रति उत्साह दिखाई देता है। उत्तराखंड की यह शौर्य परंपरा सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। भारत का यह पवित्र भूखंड अनेक ऋषि-मुनियों की तपस्थली रहा है। कुमाऊं व गढ़वाल रेजिमेंट के नाम से ही यहां की शौर्य परंपरा का परिचय मिलता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उत्तराखंड राज्य की स्थापना की रजत जयंती के अवसर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की देव-भूमि से अध्यात्म और शौर्य की परम्पराएं प्रवाहित होती रही हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- बीरेन सिंह के ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ हुई

### रिकॉर्डिंग जांच के लिए फिट नहीं; मणिपुर के पूर्व सीएम पर हिंसा भड़काने का आरोप

**नई दिल्ली/इम्फाल,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट (KOHUR) को बताया कि मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह से जुड़े ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ की गई है। दावा किया गया था कि इस ऑडियो क्लिप में पूर्व सीएम ने मैतेई समुदाय को हिंसा भड़काने की इजाजत देने की बात कबूली थी।जस्टिस संजय कुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने



कहा कि गुजरात के गांधीनगर स्थित नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी की एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ऑडियो क्लिप की एडिटिंग की गई थी। वह आवाज की तुलना के लिए साइंटिफिक रूप से फिट नहीं थी। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि प्राइवेट फोरेंसिक संस्था, ट्रुथ लैब्स की रिपोर्ट में क्लिप की आवाज 93% तक बीरेन सिंह की आवाज से मेल खाती बताई गई थी। उसमें कोई कट या एडिटिंग नहीं मिली थी। भूषण ने कहा कि सरकार को ऑडियो टेप एक साल से भी पहले भेजे गए थे, फिर भी उनकी जांच नहीं हुई। जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि गांधीनगर यूनिवर्सिटी देश की प्रमुख फॉरेंसिक संस्था है और उसकी रिपोर्ट पर शक करने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को रिपोर्ट साझा करने और दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

# सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

- **सुप्रीम कोर्ट बोला- हम आदेश जारी करेंगे; मुख्य सचिवों को पेशी से राहत**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा।

मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा। कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी।

जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं




होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। मामले की अलग सुनवाई 7 नवंबर को होगी। 31 अक्टूबर-कोर्ट ने मुख्य सचिवों को पेश होने का निर्देश दिया था सुप्रीम कोर्ट ने 31 अक्टूबर को पिछली सुनवाई में पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को आज पेश होने का निर्देश दिया था। क्योंकि वे कोर्ट के आदेश के बावजूद पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुपालन को दर्शाने वाले हलफनामे दाखिल नहीं कर पाए थे। जस्टिस नाथ ने कहा था- जब हम मुख्य सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहते हैं, तो वे इस पर चुप्पी साधे रहते हैं। हमारे आदेश का कोई सम्मान नहीं है। तो ठीक है, उन्हें आने दीजिए। हम उनसे निपट लेंगे।

## गुजरात में कारोबारी ने पूरे गांव का कर्ज चुकाया,किसानों पर 90 लाख का कर्ज था

### मां की पुण्यतिथि पर पूरे पैसे बैंक में जमा कराए



**अमरेली,एजेंसी।** गुजरात के अमरेली जिले के रहने वाले एक कारोबारी ने अपने पूरे गांव को कर्जमुक्त बना दिया। सावरकुंडला तहसील के जीरा गांव के निवासी बाबूभाई जीरावाला ने अपनी मां की पुण्यतिथि पर गांव के 290 किसानों का पिछले 30 सालों का कर्ज चुका दिया। इसके लिए उन्होंने 90 लाख रुपए दान किए। उनकी इस मदद से गांव के सभी किसान कर्जमुक्त हो गए हैं। 1995 से बैंक के ऋण का मामला लंबित था इस बारे में बाबूभाई जीरावाला ने बताया- हमारे गांव में जीरा सेवा सहकारी मंडल को लेकर 1995 से एक बड़ा विवाद चल रहा था। इस समिति के तत्कालीन प्रशासकों ने किसानों के नाम पर फर्जी ऋण लिए थे, जिससे किसान बहुत दुखी थे। इस ऋण के बोझ के कारण किसानों पर सात से बारह गुना तक का बोझ पड़ गया। किसानों को सरकार से मिलने वाली सहायता, ऋण और अन्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा था। गांव के किसानों को बैंक कोई लोन नहीं देती थी। लोन न मिलने से किसान परेशान थे। कर्ज के चलते जमीनों का बंटवारा तक नहीं हो पा रहा था। इसलिए मेरी माता की इच्छा थी कि उनके पास जो गहने हैं, उसे बेचकर गांव के किसानों का कर्ज चुका दिया जाए।

## मतदाता जागरूकता को लेकर थाना चौक पर बनी रंगोली ने शहर वासियों का मनमोहा

### राहगीरों ने कहा मतदान मेरा अधिकार है, जिसे जरूर निभाएंगे




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को सेंट्रल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने थाना चौक पर ÷वोट फॉर सारण 6 नवंबर÷ की रंगोली बनाई। विद्यालय के छात्रों ने थाना चौक पर रंगोली बनाने के साथ-साथ आने जाने वाले राहगीरों एवं जनमानस से आगामी 6 नवंबर को आयोजित मतदान दिवस पर अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। दर्जनों छात्रों ने वोट फॉर सारण की हैंडमेड रंगोली का निर्माण किया, जिसे देख आने जाने वाले राहगीर काफी प्रसन्न हुए। रंगोली निर्माण के दौरान कई राहगीरों ने इस कार्य की सराहना की और संकल्प लिया कि वह 6 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर पूरे परिवार के साथ जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान वहां लगाए गए सेल्फी पॉइंट में राहगीरों ने अपनी सेल्फी ली और कहा कि वह सभी लोगों से आह्वान करते हैं कि वह इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें जिससे कि सारण में शत मतदान का संकल्प पूरा हो सके।

## पैदल मार्च निकाल स्काउट एंड गाइड कैडेट्स ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्काउट एंड गाइड कैडेट्स द्वारा पैदल मार्च निकालकर जागरूकता संदेश दिया गया।स्थानीय छपरा कचहरी परिसर से सैकड़ो की संख्या में उपस्थित स्काउट एंड गाइड कैडेट्स के उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने रवाना किया। छपरा कचहरी परिसर से निकाला पैदल मार्च साढा ढाला, मौना सांढा रोड, मौना चौक, छपरा कचहरी रोड, साहेबगंज चौक, थाना चौक होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंची। इस दौरान स्काउट एंड गाइड्स के कैडेट्स ने शहर वासियों से पहले मतदान और फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो और सबसे पहले वोट दो, के नारे लगाकर उन्हें आगामी 6 नवंबर को होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान के लिए प्रेरित किया। पैदल मार्च के बाद समाहरणालय परिसर में स्काउट एंड गाइड्स कैडेट्स ने मानव श्रृंखला बनाकर आगामी 6 नवंबर को होने वाले बिहार विधानसभा के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## मतदाता जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन, 6 नवंबर को है मतदान सारण है पूरी तरह तैयार



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मतदाताओं में जागरूकता को लेकर आयोजित इस क्रॉस कंट्री दौड़ में दर्जनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया मैराथन दौड़ को स्टेडियम परिसर से स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निर्देशक पूजा कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ स्टेडियम से निकलकर थाना चौक, नगर पालिका चौक होते हुए शहर भ्रमण कर पुनः राजेंद्र स्टेडियम पहुंची। जहां दौड़ में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पूजा कुमारी ने बताया कि सारण जिले के दसों विधानसभा क्षेत्र में आगामी 6 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है। दसों विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की शपथ प्रतिशत भागीदारी की सुनिश्चितता को लेकर स्वीप द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि 6 नवंबर के दिन मतदाता अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें सुश्री कुमारी ने बताया कि विशेष रूप से लो वीटीआर वाले मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के एलसीडी रथ से भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा भी अपने-अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता शपथ, डोर टू डोर कैंपेन, ग्राम जागरूकता रैली आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होने आह्वान किया कि सभी निर्वाचक 6 नवंबर को मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## विद्यालय के छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला, कहा पहले मतदान फिर करें जलपान

**दैनिक खोज खबर/डोरीगज(सारण)।** स्थानीय कालिका सिंह उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली निर्माण करते हुए मतदाताओं से आगामी 6 नवंबर को मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में कक्षा 9वी और दसवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला भी बनाई गई। जिसमें अपने-अपने घर के सदस्यों एवं मोहल्ले वासियों से मतदान आह्वान किया गया। मौके पर उपस्थित स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक पूजा कुमारी ने उपस्थित शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 6 नवंबर को सारण जिले में मतदान होगा। सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मतदान केंद्र पर जाए और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए सामाजिक दायित्व का निर्माण करें।सुश्री कुमारी ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों का दायित्व बनता है कि वह विद्यालय के पोषक क्षेत्र में घूम-घूम कर मतदाताओं से मतदान पर्व में शामिल होते हुए शत प्रतिशत मतदान में भाग लेकर अपना कर्तव्य निभाए।

## एकमा में प्रशांत किशोर का रोड शो, देव कुमार सिंह के समर्थन में मांगा वोट

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने एकमा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को रोड शो कर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उनका यह रोड शो जनता बाजार, बिहारी मोड़, पारसागढ़ बाजार, एकमा चट्टी व रसूलपुर आदि जगहों से होकर गुजरा। इस दौरान उन्होंने अपने अधिकृत प्रत्याशी देव कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में



स्थानीय लोग और समर्थक जुटे। प्रशांत किशोर लोगों से सीधे संवाद करते नजर आए और जन सुराज मॉडल की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि राज्य में वास्तविक परिवर्तन के लिए जनता को पारंपरिक राजनीति के विकल्प को चुनने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि जन सुराज की सरकार बनने पर गांवों को योजनाओं का अधिकार दिया जाएगा और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि विकास कार्य बिना भेदभाव पूरे हो सकें।रोड शो में जन सुराज के प्रत्याशी देव कुमार सिंह सहित पार्टी नेता संतोष सिंह, विकास सिंह, डॉ. एस. कुमार, गौरव सिंह किशन सहित कई नेता , कार्यकर्ता व आम नागरिक शामिल हुए।



# बिहार के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरुरी- नितिन गडकरी



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार की विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है, उक्त बातें केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जलालपुर हाई स्कूल में आयोजित एक चुनावी सभा में सोमवार को कहीं। वे एन डी ए प्रत्याशी रणधीर सिंह के पक्ष मे लोगो से वोट देने के लिए अपील कर रहे थे। उन्होंने लोगों से कहा कि डबल इंजन बिहार के विकास के लिए लगा हुआ है।केवल 6 नवंबर को आपके हरी झंडी की जरूरत है।एनडीए प्रत्याशियों को जिताइए बिहार तेजी से विकास करेगा। सभा मे लोगों की उपस्थिति देखकर कहा कि जिस संख्या में आप उपस्थित है वह इस बात का इशारा करती है कि यहां से एन डी ए के प्रत्याशी 101त्न विजयी होंगे।लेकिन इस चुनाव से उनका भविष्य तय नही होता है, नही अन्य प्रत्याशियो का भविष्य तय होता है।उन्होंने यह कहा कि यह चुनाव मांझी की जनता का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। उन्होने लोगो से पूछा कि आपको अच्छे रोड चाहिए, एन एच 331 को फोरलेन मे बदलाव चाहिए पीने के पानी की व्यवस्था चाहिए किसानो को फसलो का सही दाम, युवा साथियों को रोजगार चाहिए। इन सभी सपनों को केवल एनडीए ही पूरा कर सकती है इसको पूरा करने की ताकत सिर्फ एनडीए में है।उन्होने कहा कि देश मे अच्छी सड़को को बनाने के लिए उन्होंने 50 लाख करोड रुपए अब तक खर्च किया है। आज बिहार मे क ई अच्छी सड़के बनाई है। उन्होंने सांसद सिग्रीवाल से कहा है कि आपकी ?सड़को की मांग कम पड जाएगी लेकिन मै नहीं थकूंगा। उन्होने कहा कि चार चीनी मिले मेरे पास है,लेकिन मैं मालिक नहीं हूं।मै किसानों को साथ लेकर काम करता हूं। हमारे यहां के किसान गन्ने के उत्पादन से लाखों रुपए कमाते हैं। उन्होंने बताया कि मैं बिहार कई बार आया हूं।यहां पानी है, जमीन अच्छी है तो चीनी मिले यहां क्यों बंद है।आज हमें किसाने की हालत सुधारनी है।हमारे देश में अनाज सरप्लस है। हम ग्लोबल इकॉनमी में हैं।इसमें डिमांड और सप्लाई के आधार पर दूसरे क ई देश भाव तय करते है। हमें बहुत खुशी है हमारे किसान केवल अन्नदाता नहीं बल्कि किसान ऊर्जा दाता बन गए है।हमारे किसान ईंधन भी बनाते हैं।मेरे क्षेत्र में किसान बिजली उत्पादन करते हैं।मैं ट्रांसपोर्ट मंत्री भी हूं।मैं चारों बड़ी कंपनियों से इस तरह की मोटरसाइकिले बनवाए हैं जो एथेनॉल पर चलती है जिसे किसान पैदा करते हैं।अब इस देश का ईंधन इस देश का किसान तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जब शिकागो धर्म सम्मेलन में गए थे तो वहां पर उन्होंने कहा था कि 18वीं सदी मुगलों की रही है,19वीं सदी अंग्रेजों की है। 20वीं सदी में अमेरिका सुपर पावर बना है और 21वीं सदी हिंदुस्तान की है।इस बात की भविष्यवाणी विवेकानंद ने पहले ही कर दी थी। उन्होंने लोगो से पूछा कि क्या हमें विश्व गुरु नहीं बनना चाहिए, बनना है तो इसके लिए अच्छे नेता चाहिए अच्छे लोगों का चुनाव होना चाहिए, अच्छी सरकार चाहिए काम करने वाली सरकार चाहिए। राजनीति पैसा कमाने का धंधा नहीं है सेवा भाव है।उन्होंने लोगों से अपील की की अच्छे लोगों को आप चुनिए।बिहार में तेजी से विकास होगा। बोलते हुए स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि 2014 के पहले बिहार में सड़कों की स्थिति बहुत खराब थी जब 2014 में एनडीए की सरकार बनी तो उन्होंने एन एच 531 तथा एन एच 331 जो की चलने लायक नहीं थी के निर्माण के लिए गडकरी साहब से अनुरोध किया। उन्होंने तत्काल उसे 3 महीने में चलने लायक बनाने के लिए 80 करोड रुपए स्वीकृत कर दिए और बाद में इसका मजबूत व सुन्दर निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि उनके आग्रह पर माननीय मंत्री ने बनवार में तथा एकमा आमदाढी ढाला पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया है। इससे इन एन एच पर यात्रा सुगम हो ग ई है। इसके लिए परिवहन मंत्री को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम मे बोलते हुए मांझी से एन डी ए प्रत्याशी रणधीर सिंह ने बिहार व मांझी के विकास के लिए जनता से एन डी ए को वोट देने की अपील की। उन्होंने एन एच 331को फोर लेन मे बदलने की मांग परिवहन मंत्री के समक्ष रखी।कार्यक्रम का संचालन सारण भाजपा पश्चिमी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी ने किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मानव श्रृंखला और रैली का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)**।आगामी 6 नवंबर को होने वाले मतदान को सफल बनाने के उद्देश्य से दरियापुर प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मानव श्रृंखला और रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईसीडीएस दरियापुर की टीम द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजू सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं को निर्देश दिया कि अपने अपने वार्ड में मतदाता को जागरूक करे तथा स्थानीय लोगों की सहभागिता से मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक और प्रेरित किया गया। रैली के माध्यम से ÷पहले मतदान, फिर जलपान÷ जैसे नारों से क्षेत्र में मतदान के प्रति उत्साह का संचार किया गया। आईसीडीएस की अधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को मतदान के महत्व से अवगत कराना और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।

## जन सुराज सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सारण के मांझी, बनियापुर और एकमा विधानसभा में किया रोड शो

### जगह-जगह पर फूल-मालाओं और ढोल-बाजे से हुआ भव्य स्वागत, समर्थकों ने जेसीबी से की पुष्पवर्षा

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर(सारण)**। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में आज सारण में जनसंपर्क करने पहुंचे। उन्होंने मांझी, बनियापुर और एकमा विधानसभाओं में भव्य रोड शो कर जन सुराज के स्थानीय प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। प्रशांत किशोर का क़ाफिला के साथ भव्य रोड शो मांझी विधानसभा अंतर्गत शंकरगढ़ी चौक से शुरू हुआ और जलालपुर चौक पहुंचा। इसके बाद बनियापुर विधानसभा में पुछरी बाजार, बनियापुर बाजार और शाहजीतपुर बाजार होते हुए एकमा विधानसभा के बिहारी मोड़ से लेकर



रसूलपुर बाजार तक गया। इसके आगे रोड शो का काफिला सीवान जिले के दरौंदा विधानसभा में प्रवेश कर गया। इस रोड शो के दौरान जन सुराज के स्थानीय उम्मीदवार छपरा के जेपी सिंह, मांझी के वाईवी गिरि, बनियापुर के श्रवण महतो और एकमा के देव कुमार सिंह मौजूद रहे। जगह-जगह पर प्रशांत किशोर और उम्मीदवारों का फूल-मालाओं और ढोल-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। जन सुराज कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से काफिले पर पुष्पवर्षा भी की।

## रसूलपुर में अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च, मतदाताओं से शांतिपूर्ण मतदान की अपील

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीख घोषित होने के साथ हीं जिले में अर्धसैनिक बल की कंपनियों ने स्थानीय पुलिस के साथ फ्लैग मार्च तेज कर दिया हैं. रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को क्षेत्र के सभी संवेदनशील तथा अति संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च कर आम लोगों से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की गई. इसके साथ हीं शराब की बिक्री और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर बलपूर्वक छापेमारी भी शुरू कर दी गई है. थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में 6 नवंबर को मतदान होना है और जिला प्रशासन ने कमर कसकर पूरी तैयारी कर रखी है. उन्होंने कहा कि चुनाव को



शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए प्रशासन लगातार मुस्तैद है. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान और फ्लैग मार्च के माध्यम से आम मतदाताओं को शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की जा रही है. अर्धसैनिक बलों में आईटीबीपी, सीआईएसएफ, हरियाणा पुलिस के साथ बिहार पुलिस की टीम आसपास के जिले की सीमाओं से लगे थाना क्षेत्रों की भी निगरानी कर रहे हैं. बॉर्डर एरिया से लेकर दूसरे जिले की सीमाओं तक विशेष नजर रखी जा रही है. इसका उद्देश्य आम मतदाताओं में विश्वास पैदा करना और असामाजिक तत्वों में भय कायम कर चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना है.

## लालू यादव ने सामाजिक न्याय किया, मैं आर्थिक न्याय करूंगा - तेजस्वी यादव

**दैनिक खोज खबर/एकमा/लहलादपुर (सारण)**। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं बिहार सरकार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि लालू यादव ने सामाजिक न्याय किया था और वे आर्थिक न्याय करने जा रहे हैं। वे सोमवार को लहलादपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री ढोढ़नाथ उच्च विद्यालय, जनता बाजार परिसर में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए जो योजनाएं उन्होंने तैयार की थीं, उन्हें नीतीश कुमार की सरकार कॉपी कर रही है, लेकिन उसे भी सही ढंग से लागू नहीं कर पा रही है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि राज्य में आज शराब की होम डिलीवरी हो रही है। सरकार बनने पर ताड़ी पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाएगा।उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनते ही 20 दिनों के भीतर कानून लाकर जिस परिवार में सरकारी नौकरी नहीं है, उस परिवार को एक सरकारी नौकरी दिलाई जाएगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि फैक्ट्री गुजरात में लगती है और वोट बिहार से लिया जाता है। बिहार को बिहारी ही चलाएगा, बाहरी नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर युवाओं को नौकरी देने के साथ-साथ 'माई-बहिन योजना' और 'महिला सम्मान योजना' को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा।अपने संबोधन में श्री तेजस्वी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए 6 नवंबर को लालटेन छाप पर वोट कर एकमा विधानसभा के उम्मीदवार श्रीकांत यादव एवं बनियापुर विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी चांदनी सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने श्रीकांत यादव को जीत का माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

## धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदाता तीर्थ है चिरांद

**दैनिक खोज खबर/ डोरीगंज(सारण)**। गंगा, सरयू और सोन महानद के संगम पर स्थित चिरांद चतुष्टय पुरूषार्थ प्रदान करने वाला परम तीर्थ है। इस पावन भूमि पर भारत के सुविख्यात संत श्रीश्री 1008 मौनी बाबा ने कार्तिक मास में यज्ञ का अनुष्ठान किया है। यज्ञ स्थल पर आए भक्तजनों के बीच सोमवार को अपने प्रवचन में स्वामीजी ने कहाकि भारत की संस्कृति का आधार यज्ञ है जिसमें देव पूजन, दान और सामाजिक एकत्रीकरण तीन कार्य प्रमुख होते हैं। देव-ऋषियों के आह्वान एवं आहुति के साथ ही यज्ञ स्थल पर होने वाले संत समागम की ज्ञानाग्नि में अविद्या एवं अज्ञानता रूपी अंधकार का भी नाष होता है। चिरांद भारत की यज्ञ संस्कृति की आदि भूमि है, इसकी कृपा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों फलों की प्राप्ति होती है। यज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को भक्तों के बीच स्वामीजी ने कहाकि भारत की शक्ति का आधार ब्रह्मविद्या है। ब्रह्मविद्या से ही सारी अर्थकरी व अपराविद्याएं उत्पन्न हैं। चिरांद प्राचीन काल से भारत के अध्यात्म विद्या का केंद्र रहा है, जहां भारत के ऋषि कुटी बनाकर निवास करते थे। उन्होंने वाल्मीकि जी के रामायण की कथा के प्रसंग में कहाकि महर्षि विष्वामित्र ने श्रीराम को इस क्षेत्र में निवास करने वाले आत्मज्ञानी ऋषियों के बारे में विस्तार से बताया था। ऋषि श्रृगी का आविर्भाव इसी पुण्यभूमि पर हुआ था जिन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ कराकर भगवान श्रीराम के अवतरण के लिए प्रकृति को अनुकूल बनाया था। इसीलिए भगवान श्रीराम के आविर्भाव से लेकर उनकी अभ्युदय यात्रा की स्मृतियां इस परमतीर्थ से जुड़ी हुई है। इस प्रकार यह परमतीर्थ श्रीराम की कथा से जुड़ा हुआ एक प्रमुख स्थान है। भगवान श्रीराम के स्पर्ष से इस तीर्थ में मानव सहित सभी जीवों को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिलाने का सामर्थ्य है। यह शक्ति व सामर्थ्य आज भी सूक्ष्म रूप में विद्यमान है लेकिन, इसका अनुभव वही कर सकता है जिसका जीवन साधना से पूर्ण है। सच्चे हृदय वाले भक्त भी इस तीर्थ की शक्ति का अनुभव करते हैं। आधुनिक काल में तीर्थों की कथा पर संदेह करते हुए उससे सम्बंधित प्रमाण मांगने का फैषन चल पड़ा है। भगवान श्रीराम के आविर्भाव और अभ्युदय की कथा की साक्षी धर्मनगरी चिरांद के गर्भ से बहुत से ऐसे पुरातात्विक प्रमाण मिले हैं जो इस परम तीर्थ की कथा को सत्य सिद्ध करते हैं। यहां के संतों एवं बुद्धिजीवियों ने उन प्रमाणों के आधार पर इस परमतीर्थ की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास शुरू कर दिया है लेकिन, यह कार्य और संकल्प संतों की साधना और विद्वतजनों के सतत प्रयास से ही पूर्ण हो सकता है। श्रीराम के दिव्यजीवन के अनुकूल समाज निर्माण एवं उनके रामराज्य के अनुसार व्यवस्था निर्माण में इस परमतीर्थ की महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन, इस दिषा में अब तक अपेक्षित प्रयास नहीं हो सके हैं। इस स्थान के गौरव की पुनर्स्थापना भारत में सनातन की मर्यादा की पुर्स्थापना के लिए आवश्यक है।

## महादलित टोला में प्रशासन ने कैडल जलाकर चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)**। पहले चरण के मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर प्रशासन ने सोमवार को अभियान चलाया। एसडीएम निधि राज, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी रंजय सिंह के नेतृत्व में विकास मित्र द्वारा आम मतदाताओं के सहयोग से नगर और पंचायत के महादलित टोला में कैंडल मतदाता जागरुकता निकाली गई। इस दौरान सभी के समक्ष वोट के महत्व को सामने रखते हुए उनसे अपने माताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। यह बताया गया कि लोकतंत्र में सभी लोगों को वोट देने और सरकार को चूनने का अधिकार प्राप्त है। यह जरूरी है इस इस अभियान और इस महापर्व में सभी लोगों का योगदान हो। इस दौरान सभी से किसी प्रलोभन में नही आने अपने अंतरात्मा की आवाज सूनने और अपने खुद की स्वेच्छा से मतदान करने की बात कही गई। यह भी कहा गया कि मतदान के दिन सबसे जरूरी काम अपना वोट डालने जाना है। इसके बाद घर के काम व अन्य दुसरे काम को करना है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी मतदाता से मतदाता पर्ची पहुंचने की जानकारी ली। यह बताया गया कि मतदान के दौरान उन्हे अपने साथ मतदाता कार्ड लेकर जाना है। मतदाता कार्ड नही होने पर किन कागजातों से वे मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकते है इसकी भी जानकारी दी गई। मतदाता जागरुकता कैंडिल मार्च से महादलित टोला के मतदाता में उत्साह देखा गया। इस दौरान विकास मित्र अजय कुमार रावत, अर्जुन राम, निशा कुमारी, लीला देवी, वैजयन्ती कुमारी, ज्ञान्ती कुमारी सहित अन्य विकास मित्र मौजूद थे

## विवाद में चलाई गोली, जख्मी रेफर

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)। थाना क्षेत्र के भावलपुर में सोमवार की सुबह आपसी विवाद में गोली चलने से एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। जख्मी को आनन फानन में मढ़ौरा अनुनंडल अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद छपरा रेफर कर दिया गया। छपरा से भी युवक के पटना पीएमसीएच रेफर कर देने की बात बताई गई है। जख्मी युवक भावलपुर निवासी रघुनाथ साह का नाती 20 वर्षीय अमन कुमार बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक काफी समय से अपने नानिहाल भावलपुर में रह रहा था। घटना के बाद सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और डीएसपी नरेश पासवान मौके पर पहुंचे और अपनी जांच पड़ताल शुरु कर दी। मौके पर ग्रामीण एसपी भी पहुंचे और पुरे मामले की जानकारी ली।? पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भावलपुर में आपसी विवाद को लेकर गोली चलने की घटना हुई है। पुलिस के अनुसार भावलपुर निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र कुंदन सिंह और विवेक सिंह के पुत्र छोटू सिंह के बीच आपसी विवाद था। इसी विवाद व झगड़ा में गोली चलायी गयी थी। गोली मौके पर मौजूद कुंदन सिंह के एक दोस्त सुतीहार, डेरनी निवासी उमेश सिंह के पुत्र 18 वर्षीय अमन कुमार को लग गई। अमन कुमार अपने नाना भावलपुर निवासी रघुनाथ साह के घर रहता था।घटना के उपरांत घायल अमन कुमार को तत्काल मढ़ौरा अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## जगदम कॉलेज के कैडेटों और स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सोमवार को विधानसभा चुनाव 2025 में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए जगदम कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेटों ने एक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई जो की जगदम कॉलेज से कदम चौक, उत्तरी दहियावां टोला होते हुए कॉलेज में समाप्त हुई। रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. के पी श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और मतदान के अपने अधिकार का उपयोग कर राज्य एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। रैली में तख्तियों पर लिखे ÷देश का होगा उत्थान, जब हम करेंगे मतदान÷, ÷अपनी ताकत को पहचान, 6 नवंबर को करें मतदान÷, ÷युवा शक्ति के तीन ही काम, शिक्षा, सेवा और मतदान,÷ ÷लोकतंत्र तब हो महान, जब करें सब मतदान÷ आदि नारों का उद्घोष करते हुए कैडेटों ने लोगों को जागरूक किया। रैली में आयुष रंजन पर्वत, अनिकेत कुमार , राहुल, शालू कुमारी, निक्की, काजल, जुगनू कुमारी,धूमन कुमार,निशा, प्रीति, रजनी, प्रियंका, स्नेहा, शोभा, विगन कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. केदार प्रसाद, डॉ अनमोल ठाकुर, डॉ मनोज कुमार सिंह, अभय कुमार आजाद, डॉ अमरेंद्र कुमार, डॉ धनंजय कुमार चौबे, डॉ अनामिका नाथ, डॉ उषा कुमारी, अन्नपूर्णागिरी, डॉ सूर्यभूषण दुबे, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ राजमोहन शर्मा, डॉ राम उदय सिंह, डॉ रिमझिम कुमारी, हसीब उर रहमान, डॉ फिरोज अहमद आदि शिक्षकगण उपस्थित रहें। इस रैली का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार गुप्ता एवं डॉ. राजश्री सिंह ने किया।

## शुभारंभ : अखंड अष्टयाम को लेकर श्रद्धालुओं ने की जलभरी



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)**।प्रखंड के नौतन पंचायत अंतर्गत विक्रमपुर उत्तरटोला गांव निवासी युवा समाजसेवी नीरज कुमार सिंह के पितामह निवास में सोमवार को अखंड अष्टयाम शुभारंभ हुआ। शुरू होने वाले राम - कृष्ण नाम धुन के अखंड संकीर्तन जाप को ले सबसे पहले विधि विधान के साथ आचार्यों एवं पुरोहित की मौजूदगी में आस्था और विश्वास के साथ जलभरी की गई। जलभरी को लेकर यज्ञ स्थल परिसर में लाल पीले और सुनहले वस्त्रों से सुसज्जित होकर महिला पुरुष श्रद्धालु तय समय पर पहुंच गए। आचार्य सूरज तिवारी और अन्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराई। जहां से वापस यज्ञस्थल लौटने के बाद अनुष्ठान शुरू हुआ। वैदिक रीति से पूजा-अर्चना के साथ हवन कुंड में अग्नि प्रज्जवलित होने के बाद आरती के समापन पर हरे राम हरे राम राम राम हरे... राम कृष्ण नाम जप संकीर्तन शुरू किया गया। राम कृष्ण नाम जप के दौरान गायक कलाकारों द्वारा समयानुसार विभिन्न राग व धुन की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बन गया है। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, धीरज कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य रजनीश कुमार सिंह, आनंद कुमार राय, प्रद्युम्न कुशवाहा, योगेंद्र सिंह, करीमन सिंह, गौरीशंकर सिंह, विक्की साह, महेश राय सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## नारायणपुर में अखण्ड अष्टयाम के लिए निकाली गई कलशयात्रा

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)**। प्रखण्ड के नारायणपुर पंचायत स्थित ब्रह्म बाबा के स्थान के समीप पैक्स गोदाम पर ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटे का अखण्ड अष्टयाम का आयोजन किया गया है। जिसकों लेकर आचार्य सुकेश त्रिवेदी के नेतृत्व में सोमवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में बैंड-बाजे व डीजे की धुन पर देवी-देवताओं की भव्य झांकी निकाली जो कि कलशयात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। कलशयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष रंगबिरंगे परिधान में शामिल हुए। कलशयात्रा पवित्र यज्ञ स्थल से निकली जो कि नारायणपुर बाजार होते नारायणी नदी तट पर पहुंची। जहां आचार्य सुकेश त्रिवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में पवित्र जलभरी कराई गई। पुन÷ कलशयात्रा यज्ञ स्थल पहुंची। जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का अखण्ड अष्टयाम प्रारम्भ हुआ। जिसके बाद पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ हैं।कलशयात्रा में संतोष राय, शिक्षक चन्देश्वर राय, राजेश राय, कमल राय, ओमप्रकाश राय, जयनाथ राय, वकिल राय, विकास राय, राकेश कुमार, जितेंद्र राय, पप्पू कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष व युवतियां शामिल थीं।




## बिहार के विकास को ले एनडीए प्रत्याशी को जीताएं : उपेंद्र कुशावाहा

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया प्रखंड के सुंदरी लक्ष्मी चक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को रालोमो सुप्रीमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चौतरफा विकास हो रहा है। इसे विपक्षी को नहीं पच रहा है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि 2005 के पहले की सरकार और वर्तमान सरकार में तुलना कीजिए। उन्होंने कहा कि फिर से अगर प्रदेश में राजद की सरकार आई तो पहले की स्थिति बनेगी। उससे भी भयंकर स्थिति होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव हमारी पार्टी लड़ रही है और मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार ही होंगे। पहले भी थे आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। इसलिए आज हम आपलोगों से अपील करने आए हैं कि एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में एक-एक वोट देकर एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनावें।

## बड़हरिया : हरपुर में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, सनसनी

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के तेतहली-हरपुर गांव में सोमवार की सुबह एक युवक का शव आम के पेड़ पर लटकता दिखाई दिया। शव दिखाई देते ही सनसनी फैल गई। काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। मृतक की पहचान बिगु मांझी के पुत्र लालचंद्र मांझी (30) के रूप में हुई है। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंच पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

बताया जाता है कि लालचंद्र मांझी प्रतिदिन की तरह रविवार की शाम करीब चार घर से निकला था। उसकी पत्नी ने बताया कि वह अक्सर बाहर जाने की बात कहकर निकलते थे और कुछ घंटों बाद घर लौट आते थे, लेकिन इस बार वह वापस नहीं लौटे। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे फोन आया कि लालचंद्र का पेड़ से लटकता हुआ संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया गया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने 112 डायल पर फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष छोटन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को उतार कर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बिहार में सत्ता परिवर्तन की लहर – अखिलेश यादव

**परवेज अख्तर। दैनिक खोज खबर/सीवान।** बिहार का विकास तेजस्वी यादव के हाथों ही संभव है। युवा तेजस्वी यादव की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। यह बातें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सोमवार को



भगवानपुर हाट प्रखंड मुख्यालय स्थित कालेज परिसर में एवं हुसैनगंज प्रखंड के मैदान में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। भगवानपुर कालेज के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने महागठबंधन के राजद प्रत्याशी के पक्ष में वोट मतदान कर विजयी बनाने तथा तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनडीए वोट चोरी करने में माहिर है, चौकीदार ही चोर है।बिहार में सत्ता परिवर्तन की लहर है। केंद्र एवं बिहार की सरकार संविधान विरोधी है। डा. भीम राव आंबेडकर के विरुद्ध काम हो रहा है। संविधान बचाने के लिए महागठबंधन के राजद प्रत्याशी के पक्ष में वोट दें।बिहार में नई सरकार बनते नौकरियों की बहार आएगी। मोदी- नीतीश की सरकार बिहार के किसानों एवं युवाओं के साथ बेइमानी की है। उन्होंने कहा कि पहले अवध छीना है, अब मगध छीनने का काम करें। बिहार में तेजस्वी की सरकार बनने पर युवाओं का पलायन रुकेगा।

## सराय ओपी : हत्याकांड के छह नामजदों ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**परवेज अख्तर/सीवान।** सराय थानान्तर्गत हत्याकांड के छह नामजदों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 13 अप्रैल 25 को सराय थानान्तर्गत बुचुन साह को आपसी विवाद के कारण कुछ व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया था। जिनका इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई थी। जिस संबंध में सराय थाना कांड संख्या 172/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में पूर्व में इस कांड के पांच नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इसी क्रम में दो नवंबर को सिवान पुलिस दबिश के कारण इस कांड के छह अन्य नामजद सराय थाना क्षेत्र के चांप टोला टेघरा निवासी अशोक सिंह, ओमप्रकाश सिंह, दीपू कुमार, बाबू कुमार, रूपेश कुमार व विक्की कुमार ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन में छूट यात्री का मोबाइल बरामद

**सिवान।** ट्रेन में एक महिला यात्री के छूटे हुए मोबाइल को बरामद कर आरपीएफ ने उनके सुपुर्द कर दिया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि सोमवार को सुरक्षा कंट्रोल वाराणसी से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 11123 के कोच संख्या बी टू के बर्थ नंबर नौ व 12 पर यात्रा कर रहे यात्री का एक मोबाइल ट्रेन में ही छूट गया है। उक्त सूचना प्राप्त होने पर गाड़ी के मैरवा स्टेशन पर आने पर ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय द्वारा गाड़ी के उक्त कोच में उक्त बर्थ से एक मोबाइल उतार कर अग्रिम कार्रवाई की गई। महिला यात्री कानपुर निवासी रामवती देवी आई और उनके द्वारा बताया गया कि रेल मदद पर मोबाइल छूटने की शिकायत उनके द्वारा दर्ज कराई गई थी । महिला द्वारा मोबाइल की अनुमानित कीमत 12 हजार बताई गई।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में हुई प्राथमिकी

**सिवान।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में मुफस्सिल थाना अंचल अधिकारी पचरूखी ने प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि अंचलाधिकारी पचरूखी ने अपने आवेदन में बताया कि दो नवंबर को हलका कर्मचारी बिंदुसार द्वारा बताया गया कि निर्दलीय प्रत्याशी बड़हरिया विधान सभा 110 रामदास तिवारी द्वारा चुनाव प्रचार हेतु मुख्य सड़क से शिव मंदिर को जाने वाली सरकारी सड़क स्थित गेट पर बैनर लगाया गया है। उक्त आशय में राजस्व कर्मचारी का प्रतिवेदन प्राप्त है। यह कृत्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है

## फ्लैग मार्च कर पुलिस ने शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने का दिया संदेश

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के असांव में रविवार की शाम थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह के नेतृत्व में सीआरपीएफ व स्थानीय जवानों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च विभिन्न जगहों से भ्रमण कर लोगों को चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने का निर्देश दिया। फ्लैग मार्च असांव बाजार, खरदरा, नोनिया टोला, गहिलापुर, तियर, पतेजी, महम्मदपुर, कशिला, पचबेनिया, सदलपुर समेत दर्जनों गांव में किया गया। इस मौके पर एसआइ मैनेजर सिंह, पीएसआइ सुमित राज, सुरेंद्र कुमार, जयप्रकाश मांझी समेत दर्जनों जवान उपस्थित थे।

# सीवान में चुनाव को लेकर रईस खान को भेजा गया बक्सर जेल

### मंडलकारा में एक घंटे चली छापेमारी, आपत्ति जनक सामाग्री बरामद नहीं



**परवेज अख्तर/सीवान।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में सुनिश्चित कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय है। चुनाव को लेकर कुख्यात बदमाश रईस खान को प्रशासन ने सिवान मंडल कारा से भारी सुरक्षा के बीच आधी रात को बक्सर जेल भेज दिया है। इस संबंध में कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि पांच दिन पूर्व चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश के निर्देश पर मंडल कारा में बंद रईस खान को बक्सर जेल शिफ्ट कर दिया गया है। बताया कि कुछ और बंदियों की सूची तैयारी हो रही है। जिन्हें अलग-अलग जेलों में शिफ्ट किया जाएगा।उधर सिवान मंडल कारा में सोमवार की सुबह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश के निर्देश पर सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता एवं सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में लगभग एक घंटे दस मिनट तक सघन छापेमारी की गई। अधिकारियों व पुलिस बलों की मौजूदगी में ली गई तलाशी के दौरान जेल परिसर कुछ भी सामान बरामद नहीं हुआ। छापेमारी में कई थानों के थानाध्यक्ष सहित पुलिस लाइन से जवान शामिल थे। जांच के क्रम में पुलिस जवानों ने जेल के एक-एक वार्ड व शौचालयों तक की सघन तलाशी ली। इस दौरान मंडल कारा में बंदियों के बीच हड़कंप मचा गया। इस संबंध में कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा प्रातः 4-50 बजे से छह बजे तक कारा के भीतर संपूर्ण कारा परिसर में औचक छापेमारी/तलाशी की गई। औचक छापेमारी/तलाशी में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी सहित कुल 80 बल उपस्थित थे। औचक छापेमारी के दौरान किसी प्रकार का आपत्ति जनक सामाग्री बरामद नहीं हुआ।

## जीरादेई– ऐसा तीर चलाइए की अंजा पंजा गंजा सब हवा में उड़ जाए : नितिन गडकरी

परवेज अख्तर/सीवान। जीरादेई प्रखंड के जेपी उच्च विद्यालय विजयीपुर के मैदान में सोमवार को एनडीए की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बिहार के विकास की गति एनडीए ही बढ़ाएगी। यहां के किसान अब केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी बनेंगे। अपने जोशीले अंदाज में उन्होंने जनता से कहा कि ऐसा तीर छोड़िए कि सबकी दुकान बंद हो जाए, अंजा, पंजा, गंजा सब हवा में उड़ जाए। बिहार में चार-चार चीनी मिलें हैं। मेरे पास दिल्ली में टोयोटा की एक गाड़ी है जो इथेनाल पर चलती है और यह इथेनाल हमारे किसानों के ही उत्पाद से तैयार होता है। आने वाले समय में किसान केवल अन्न नहीं बल्कि हवाई ईंधन दाता भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में वे करीब पांच लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। इससे प्रदेश का चेहरा बदल जाएगा। जब सड़कें अच्छी होंगी, तभी बिहार का विकास होगा। राजद शासन काल की चर्चा करते हुए कहा कि उस समय को याद कीजिए, उस समय सड़कें बदहाल थीं, लेकिन नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार में सड़कें बदलीं। एनडीए के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि अगर आप नीतीश कुमार को फिर से जीताएंगे, तो बिहार की सड़कें अमेरिका जैसी बनेंगी। पिछले 11 वर्षों में ऐसा कोई काम नहीं जो मैंने कहा और किया नहीं। उन्होंने जातिवाद पर चोट करते हुए कहा कि मैं जात-पात की राजनीति नहीं करता। गरीब की कोई जात नहीं होती। पेट्रोल, डीजल, गैस हिंदू और मुसलमान दोनों को बराबर मिलता है। हमें ऐसे नेता चाहिए जो देश और गरीब की चिंता करे न कि पिता-पुत्र की। गडकरी ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का खाका उन्हीं के मार्गदर्शन में तैयार हुआ था। मंच पर एनडीए के कई नेतागण मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**आंदर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के चकरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। घटना एक नवंबर की रात की बताई जाती है। घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों ने सेविका को दी। इसके बाद सेविका कमलावती देवी ने आंदर थाना के डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। सेविका ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र से बर्तन, खेल सामग्री, चावल, गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान की चोरी हुई है। चोरी गई सामान की कीमत करीब 10 हजार है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि पदाधिकारी को भेजकर मामले की जांच कराई गई है। चोरो की पहचान की जा रही है।

## शहर में आने से पहले इस बात का रखना है ख्याल, चुनाव को ले किया गया यातायात व्यवस्था में बदलाव

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधान सभा निर्वाचन के मद्देनजर छह नवंबर को जिले में विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। इस संबंध में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बिहार विधान सभा निर्वाचन के अंतर्गत छह नवंबर को मतदान संपन्न होने के उपरांत डीएवी स्कूल में स्थापित रिसिविंग सेंटर तक आने-जाने वाले सभी मतदान दलों, पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों के वाहनों के लिए सुचारू यातायात संचालन एवं नियंत्रण हेतु सिवान पुलिस द्वारा अलग व्यवस्था की गई है।बताया कि वैकल्पिक मार्ग व्यवस्था में जीरादेई विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) मैरवा सिवान रोड-दरोगा राय कालेज-बाईपास होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड़ होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। बड़हरिया विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) बाइपास रोड-बैशाखी मोड़-हरदिया मोड़, स्टेशन मोड़, स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। गोरियाकोठी एवं महाराजगंज विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) वैशाखी मोड़-बाइपास रोड-हरदिया मोड़-स्टेशन मोड़-स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। दारौंदा विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) हरदिया मोड़-स्टेशन मोड़-स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। रघुनाथपुर, असांव, आंदर एवं दरौली विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) सिवान आंदर मार्ग आंदर ढाला होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। एमएच नगर, सिसवन,चैनपुर एवं हुसैनगंज विधान सभा से मतदान उपरांत सभी प्रकार के ईवीएम वाहन (पदाधिकारी एवं बल सहित) सिसवन-सिवान मार्ग-सिसवन ढ़ाला स्टेशन मोड़-स्टेशन रोड होते हुए डीएवी मोड़ पर ड्राप करने के उपरांत थाना रोड-बड़ी मस्जिद-गोपालगंज मोड होते हुए छोटपुर बाइपास प्रस्थान करेंगे। बताया कि छह नवंबर को दोपहर दो बजे से रात्रि 11 बजे तक सभी प्रकार के बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश निषेध रहेगा। बताया कि ड्राप गेट व्यवस्था मैरवा एवं गुठनी ड्राप गेट पर सभी प्रकार के बड़े एवं भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। छोटपुर बाइपास, हकाम मोड़, हरदिया मोड़, पासवान चौक, वैशाखी मोड़ तथा आंदर पेट्रोल पंप से सौ मीटर आगे सभी प्रकार के बड़े एवं भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

## बड़हरिया – पीएम व सीएम के नेतृत्व में बिहार का हो रहा चौतरफा विकास– उपमुख्यमंत्री

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया प्रखंड के महमूदपुर मैदान में सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते जीत का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि केंद्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चौतरफा विकास हो रहा है। इसके उप मुख्यमंत्री के पहुंचते ही एनडीए सांसद विजयलक्ष्मी कुशवाहा समेत अन्य एनडीए कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए लालू- राबड़ी शासन पर जोरदार प्रहार किया। कहा कि 2005 के पहले की सड़क देखिए और अब की सड़क की सड़क देखिए। पहले सिवान में भाजपा का झंडा नहीं लगता था, आज एनडीए की सरकार हर जगह आगे बढ़ रही है, जगह झंडा दिखाई दे रहा है। जब से बिहार में एनडीए सरकार बनी है सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है। महिलाओं को सम्मान व रोजगार मिला है। अन्य युवाओं को भी रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार फिर बनेगी। उन्होंने लोगों से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लालटेन का अर्थ होता है एक लालू यादव और नौ उनके परिवार मतलब लालटेन, उनके परिवार है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

